उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 554–पारे0अनु0–04/पाट्राकालि–2022–20/2009 टी0सी0–।। दिनांकः 26 जुलाई, 2022

समस्त मुख्य अभियन्ता,
(पारेषण/जानपद),
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लि0,
लखनऊ/आगरा/मेरठ/झाँसी/गोरखपुर/प्रयागराज।

ई–मेल (आन्दोलन नोटिस)

विषय–**राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0 अवर अभियन्ताओं, प्रोन्नत अभियन्ताओं की मांगों को लेकर चरणबद्ध आन्दोलन करन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0 के पत्र संख्या–328/स0–7, दिनांक 18.07.2022 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संगठन ने अवर अभियन्ताओं, प्रोन्नत अभियन्ताओं की कतिपय मांगों को लेकर निम्नवत् चरणबद्ध आन्दोलन करने का नोटिस दिया है :–

दिनांक	कार्यक्रम विवरण।
02.08.2022	समस्त जनपदों एवं परियोजना मुख्यालय पर अपरान्ह् 3:00 बजे से 5:00 बजे तक विरोध सभा।
03.08.2022	समस्त क्षेत्र एवं परियोजना मुख्यालयों पर पूर्वान्ह 1000 बजे से 5:00 बजे तक विरोध सभा एवं प्रेस वार्ता
04.08.2022 से 06.08.2022	समस्त अवर अभियन्ता/प्रोन्नत अभियन्ताओं द्वारा सामूहिक अवकाश (Mass Casual Leave) एवं विरोध सभायें।
06.08.2022	सायं 05:00 जे से समस्त जनपद एवं परियोजना मुख्यालयों पर मशाल जुलूस।
08.08.2022	शक्ति भवन मुख्यालय पर प्रातः 11:00 बजे से विरोध सभा एवं जेल भरो आन्दोलन आरम्भ।

आप विदित हैं कि उ0प्र0 शासन ने "उ०प्र० आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम 1966" के अन्तर्गत ऊर्जा क्षेत्र के अधीन समस्त सेवाओं में अधिसूचना संख्या–808/24–पी–2–2022–1(121)/04, दिनांक 30.06. 2022 द्वारा 06 माह के लिये हड़ताल निषिद्ध की है। ऐसी स्थिति में सामूहिक अवकाश, विरोध प्रदर्शन, कार्य बहिष्कार, जेल भरो आन्दोलन आदि करना करना न केवल अनुचित अपितु अवैधानिक भी है।

यह भी उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–929–औ0सं0/17/पाकालि/2001–3ए0/79, दिनांक 31.03.2001 में निहित प्राविधानों के अनुपालन में "काम नही तो वेतन नहीं" के सिद्धान्त का कड़ाई से पालन किये के जाने के आदेश भी विद्यमान हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0 के द्वारा दिनांक 02.08.2022 से प्रस्तावित विरोध सभा, कार्य बहिष्कार और जेल भरो आन्दोलन के आवाहन के दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति को प्रत्येक स्थिति में सामान्य बनाये रखना सुनिश्चित किया जाये तथा कारपोरेशन की सम्पत्तियों, विद्युत केन्द्र व संयंत्रों तथा निष्ठावान कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये तथा आवश्यकतानुसार जिला–प्रशासन/पुलिस प्रशासन से संपर्क कर सहयोग प्राप्त किया जाये। उपर्युक्त निर्देशों से अपने अधीनस्थ सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को भी अनुपालनार्थ अवगत कराने का कष्ट करें। उपर्युक्त निर्देशों से अपने अधीनस्थ सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को भी अनुपालनार्थ अवगत कराने का कष्ट करें एवं कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(राकेश प्रसाद)
निदेशक (का0प्रब0 एवं प्रशा0)

क्रमशः 2/–

संख्या : 554 (I)–पारे0अनु0–04/पाट्राकालि/2022 तददिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
3. समस्त निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5. समस्त मुख्य महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6. संयुक्त सचिव (पारेषण प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. उप सचिव (पारेषण–प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. सचिव, पावर सेक्टर इम्प्लाइज ट्रस्ट, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9. कम्पनी सचिव, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
10. अधिशासी अभियन्ता (सं0) निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को ट्रान्समिशन की वेब–साइट www.upptcl.org पर अपलोड करने हेतु।

आज्ञा से

25.07.22

(राम सूरत)

उप सचिव–प्रथम (पारेषण)